# भारतीय जनता पार्टी

**(**केंद्रीय कार्यालय**)**

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

01 अप्रैल 2024, सोमवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा जोधपुर, राजस्थान में आयोजित 'शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन' में संबोधन के मुख्य बिन्दु

**राजस्थान में 70% वोट के साथ सभी 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाएगी।**

**************************

**भाजपा देश में 370 और एनडीए 400 से अधिक सीटें जीतेगी।**

**************************

**कितने भी दल इकट्ठे हो जाएं, आएगा तो मोदी ही।**

**************************

**जो भ्रष्टाचार करेगा**, **वह जेल जरूर जाएगा**

**************************

**कांग्रेस ₹12 लाख करोड़ के घोटाले करने के बाद लोकतंत्र बचाओ का नारा लगा रही है।**

**************************

**लोकतंत्र बचाओ का नारा देने वाले राहुल की दादी इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था।**

**************************

**यूपीए ने देश को अंधकार में धकेला, मोदी जी ने देश का विकास किया।**

**************************

आज केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज राजस्थान में जोधपुर के रातानाडा में शक्ति केन्द्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, राजस्थान भाजपा प्रभारी श्रीमती विजया रहाटकर, केन्द्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्यसभा सांसद श्री राजेंद्र गहलोत, बाड़मेर प्रत्याशी श्री कैलाश चौधरी, पालीक्षेत्र प्रत्याशी एडवोकेट पी.पी. चौधरी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। श्री अमित शाह ने कहा कि यूपीए शासन ने देश को अंधकार में धकेल दिया था, मगर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में देश का विकास किया है। आगामी लोकसभा चुनाव में देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 370 और एनडीए को 400 सीटों पर विजयी बनाएगी।

श्री शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि **चुनाव का नगाड़ा बज चुका है, भाजपा कार्यकर्ताओं को राजस्थान की जनता के गांव-गांव तक माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** जी **के महान भारत की रचना के संदेश को लेकर जाना है**। श्री शाह ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य की बात को दोहराते हुए विश्वास जताते हुए कहा कि कि **एनडीए 400 और भाजपा 370 से अधिक सीटें जीतेगा**। **ये लक्ष्य कोई नेता**

**पूरा नहीं कर सकता, बल्कि बूथ कार्यकर्ताओं के दम पर ये लक्ष्य पूरा किया जाएगा।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश और दुनिया में भारतीय जनता पार्टी और देश का झंडा बुलंद किया है, इससे पूरे देश की जनता माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार अपना प्रधानसेवक चुनने के लिए तैयार है। लेकिन जनता को मतदान केंद्र तक ले जाने का काम भाजपा कार्यकर्ताओं को करना है। श्री शाह ने भाजपा की कार्यकर्ताओं के लिए बनाई गई योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि **कार्य योजना थोड़ी कठिन है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता कठिन काम ही सबसे बेहतर करते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के हर मतदाता तक आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** जी **के संदेश को पहुंचाना है**।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने यूपीए की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल पहले यूपीए की सरकार थी और **देश के भविष्य को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अंधकार में डाल दिया था**। **2014 में देश और राजस्थान की जनता ने माननीय श्री नरेन्द्र मोदी** जी **को प्रधानमंत्री बनाया और 10 साल में देश के हर क्षेत्र में परिवर्तन आया है**। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन, 12 करोड़ शौचालय, 4 करोड़ से ज्यादा आवास, 10 करोड़ माताओं-बहनों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 14 करोड़ लोगों को नल से जल और 60 करोड़ लोगों को 5 लाख का निशुल्क इलाज मुहैया करवाया है।

श्री शाह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की फौज बनकर कांग्रेस पर कहर बरपाने के लिए तैयार है। कांग्रेस के 10 वर्ष के शासन में, आए दिन पाकिस्तान से आकर आतंकवादी बम धमाके कर के भाग जाते थे और कांग्रेस की सरकार कुछ नहीं कर पाती थी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में उरी और पुलवामा में हमले के 10 ही दिन के भीतर **सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया है।**

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि **10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था 11वें से पाचवें स्थान पर आ गई है,** लेकिन कांग्रेस की मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने 10 साल के शासन में ग्यारहवें नंबर से आगे बढ़ाने की बजाय देश की अर्थव्यवस्था को और पीछे धकेल दिया था। श्री शाह ने कहा कि **आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, देश की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ जाएगी**। दुनियाभर में भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने, स्टार्टअप में बढ़ोतरी, हजारों युवाओं को रोजगार देने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। 10 साल में हर सप्ताह एक नया विश्वविद्यालय, हर दिन 37 स्टार्टअप खोले गए, हर दिन 16 हजार करोड़ का लेनदेन यूपीआई से किया जा रहा है। देश में 50,000 गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं, और हर घर को नल से जल देने का काम भी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। भाजपा ने अपनी स्थापना के समय से जितने भी वादे किये हैं, सभी वादों को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने 10 सालों में पूर्ण किया है। सबको लगता था कि अनुच्छेद 370 कभी हटाया नहीं जा सकता, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को इसे समाप्त करके दिखाया। अयोध्या में 500 सालों से करोड़ों राम भक्त रामलला के मंदिर का सपना देख रहे थे। इस विषय को 70 सालों तक कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति के चलते अटका, भटका और लटका रही थी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कर राम भक्तों के सपने को साकार किया।

श्री शाह ने कहा कि **भाजपा ने 150 साल पुराने अंग्रेजों के कानून बदले, 100 साल पुरानी संसद बदली, नक्सलवाद-आतंकवाद और उग्रवाद को जड़ से उखाड़ कर फेंका है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को सुरक्षित किया है और आज किसी की हिम्मत नहीं है कि कोई भारत में धमाका कर सके। इसीलिए राजस्थान की जनता ने 2014 में 55 प्रतिशत और 2019 में 61 प्रतिशत वोट देकर दोनों बार सभी 25 सीटों पर भाजपा को विजयी बनाया था। **इस बार भी राजस्थान की जनता 70 प्रतिशत वोट के साथ फिर से सभी 25 सीटों पर कमल खिलाने की हैट्रिक लगाने वाली है**।

श्री शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का मुकाबला परिवारवादी घमंडिया गठबंधन से है जिन्हें अपने परिवार के अलावा किसी भी चिंता नहीं है। **सोनिया गांधी, लालू यादव, उद्धव ठाकरे, स्टालिन और ममता बनर्जी अपने बेटे- भतीजे को सत्ता पर बिठाना चाहते हैं। सिर्फ अपने परिवार को सत्ता तक पहुंचाने की सोच रखने वाले नेता कबी भारत के युवाओं के भविष्य के बारे में नहीं सोच सकते।** भारत के युवाओं को आगे बढ़ाने की सोच केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी के पास है।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि **कांग्रेसी नेता 12 लाख करोड़ के घोटाले करके जेल में जाने के बाद कह रहे हैं 'लोकतंत्र बचाओ**।' लोकतंत्र, इस देश की जनता तय करेगी। जो भ्रष्टाचार करेगा वो जेल की सलाखों के पीछे जाएगा। राजस्थान में भी जो लोग ने पेपर लीक प्रकरण मे शामिल थे, उन्हें मुख्यमंत्री श्री भजन लाल जी ने चुन-चुन के उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया। **कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश बचाने की बात करते हैं, इनकी दादी इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर लाखों लोगों को जबरन जेल भेजने का कृत्य किया।** धार्मिक तुष्टिकरण की राजनीतिक करने वाली कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के शासनकाल में जगह-जगह धार्मिक स्थलों पर हमला हुए और निर्दोष कन्हैया लाल की हत्या हुई। भाजपा सबको न्याय देने और राजस्थान को भी इसी रास्ते पर चलाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने कहा **इंडी गठबंधन एक और एक, ग्यारह समझकर सरकार बनाने के सपने देख रहा है लेकिन उन्हें ज्ञात हो कि शून्य प्लस शून्य बराबर शून्य ही होता है। 'कितने भी दल इकट्ठे हो जाएं, आएगा तो मोदी ही**।' भाजपा सरकार ने बहुत सारे मिथक तोड़ दिए। **जब भाजपा ने ईआरसीपी का वादा किया तो पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस पर प्रश्न खड़े कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने पांच महीने मे ही ईआरसीपी को जमीन पर उतार दिया है**। यमुना का पानी राजस्थान के तीन जिलों में लाना असंभव सा कार्य था, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री श्री भजन लाल ने इसे भी पूरा कर दिया। भ्रष्टाचार के खिलाफ राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने एसआईटी गठन भ्रष्टाचारियों को काल कोठरी में भेज दिया है।

श्री शाह ने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ताओं को जनता के सामने रिपोर्ट कार्ड पेश करना है, जिससे जनता को यूपीए और एनडीए के बीच का अंतर स्पष्ट हो जाएगा। **मनमोहन सिंह की सरकार ने 10 साल में राजस्थान को सिर्फ ₹1 लाख 61 हजार करोड़ दिए थे, मगर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्ष में 4 गुना ₹6 लाख 24 हजार करोड़ देने का कार्य किया है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राजस्थान को ₹8 लाख करोड़ आवंटित किए, जिसमें से ₹2 लाख करोड़ सड़कों के लिए, ₹70 हजार करोड़ रेलवे के लिए, ₹7 हजार करोड़ हवाई अड्डे के लिए और ₹60 हजार करोड़ रिफाइनरी के लिए प्रदान किए गए।

श्री अमित शाह ने राजस्थान पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता अशोक गहलोत पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि अशोक गहलोत को अपनी परिवारवादी राजनीति से समय मिले तो सार्वजनिक तौर पर अपने कार्य का हिसाब दें । जबकि भाजपा

सदैव अपने कामों का हिसाब देने के लिए तैयार है। भाजपा सरकार ने राजस्थान के 80 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि, 32 लाख गरीबों के घर में नल से जल, 1 करोड़ 10 लाख लोगों को ₹5 लाख तक स्वास्थ्य बीमा, 4 करोड़ 38 लाख को मुफ्त अनाज, 71 लाख माताओं बहनों को उज्जवला गैस कनेक्शन और अब ₹450 में गैस, 19 लाख लोगों को आवास प्रदान किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने का कार्य किया है। **एक तरफ कांग्रेस 12 लाख करोड़ के घोटाले, घपलेबाज और तुष्टिकरण कर देश अपमान करने वाली पार्टी है, और दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी पारदर्शिता से सरकार चलाने वाली पार्टी है।** उन्होंने अंत में राजस्थान के कार्यकर्ताओं से 26 अप्रैल तक आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सिपाही बनाकर जनता तक उनका संदेश पहुंचाने का आग्रह किया।

*************************